जायजा | नाली और सीसी रोड निर्माण संबंधी शिकायतों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के लिए मौके पर पहुंचे सीएमओ

**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 16 सितंबर, नगर परिषद चांदामेटा-बुटरिया में प्राप्त सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी विकेश कुमार कुमरे ने संबंधित अधिकारियों के साथ शिकायत स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान शिकायतकर्ताओं से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई तथा शिकायतों के निराकरण की स्थिति का जायजा लिया गया।**



निरीक्षण में मुख्य नगरपालिका अधिकारी के साथ उपयंत्री विनय कुमार शुक्ला, सीएम हेल्पलाइन प्रभारी प्रवीण भादे एवं संबंधित विभागों के प्रभारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर पहुँचकर शिकायतकर्ताओं से उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा की।

इस दौरान नाली निर्माण एवं सीसी रोड निर्माण से संबंधित शिकायतें सामने आई। शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनने के बाद मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने संबंधित विभाग प्रभारी को नियमानुसार आवश्यक निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शिकायतों के निराकरण में लापरवाही नहीं बरतने और शिकायतकर्ताओं को राहत पहुँचाने पर जोर दिया।

# दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता : नानाभाऊ मोहोड़

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 16 सितंबर, जनपद पंचायत मोहखेड़ में मंगलवार को एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों के लिए शिविर आयोजित किया गया।**



मुख्य अतिथि पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री नानाभाऊ माहोड़ ने कहा कि दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाकर आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है।शिविर में 95 हितग्राहियों का पंजीयन, 34 नए दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए। वहीं 14 पात्र हितग्राहियों को कृत्रिम अंग वितरित किए गए तथा 34 हितग्राहियों को सहायक उपकरण के लिए चिन्हित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष कृष्णा डिगरसे, मंडल अध्यक्ष गगन घटकडे, लालसिंग बट्टी, जिला पंचायत सदस्य विलास घोंगे, मदन साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पांढुर्णा सदन साहू, अनिल विश्वकर्मा, पूर्व जनपद सदस्य मनोज साहू, सीईओ डीके कर्पे, खंड पंचायत अधिकारी कैलाश धुर्वे एवं सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार पचेलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# अजजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बनने पर किशनु उइके का किया स्वागत



**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 16 सितंबर, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने के बाद किशनु उइके को नवीन दायित्व मिलने पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।**

इस दौरान मंडल अध्यक्ष गगन घटकड़े, महामंत्री गणेश डोंगरे, मंडल मंत्री मोतीलाल मोहबे, प्रेमलाल परतेती, किशोर चौधरी, रूपलाल मोहबे, हेमराज शेंडे एवं मोहन परतेती उपस्थित रहे।

# पॉलीटेक्निक खिरसाडोह में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

## माइनिंग इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को माइन वेंटिलेशन और जियोमैकेनिक्स की दी तकनीकी जानकारी

**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 16 सितंबर, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, खिरसाडोह के माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान एवं व्यावहारिक समझ को बढ़ाने के उद्देश्य से विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनआईटी राउरकेला के विशेषज्ञ डॉ. महेश कुमार श्रीवास ने विद्यार्थियों को माइन वेंटिलेशन एवं जियोमैकेनिक्स जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर उपयोगी जानकारी प्रदान की।**



डॉ. श्रीवास का महाविद्यालय से पुराना शैक्षणिक जुड़ाव रहा है। उन्होंने वर्ष 1996 से 2000 तक इसी संस्थान में व्याख्याता के रूप में सेवाएं दी थीं। इसके बाद उच्च शिक्षा के लिए विदेश गए तथा अपने शैक्षणिक एवं व्यावसायिक सफर में आईआईटी खड़गपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में भी कार्य किया। वर्तमान में वे एनआईटी राउरकेला में कार्यरत हैं। व्याख्यान के दौरान उन्होंने खदानों में वेंटिलेशन व्यवस्था, जियोमैकेनिक्स की मूलभूत अवधारणाओं, उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग तथा खनन कार्यों में सुरक्षा के महत्व को विस्तार से समझाया। विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ उनके अनुभवों से भी प्रेरणा ली। कार्यक्रम प्राचार्य एचडी पाटिल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। संचालन माइनिंग इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. आरके पांडे ने किया। इस अवसर पर विभाग के कुंदन सिंह, मनीष घई, अजय सोनी, आदित्य दुबे, श्रीधर शर्मा, जेए मंजूरवार, एके रमानी, राजेंद्र देशमुख, दीपक घाटोड़े एवं सीके मोरले उपस्थित रहे। अंत में विद्यार्थियों एवं विभाग की ओर से डॉ. श्रीवास के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# बिछुआ महाविद्यालय में इको क्लब के अंतर्गत मनाया गया विश्व ओजोन दिवस

**नवभारत न्यूज**
**बिछुआ, 16 सितंबर, शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में संस्था प्राचार्य डॉ आर.पी. यादव एवं इको क्लब प्रभारी डॉ. नवीन कुमार चौरसिया के निर्देशन में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया।**

इसे मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को ओजोन परत के महत्व के प्रति जागरूक करना और उसके संरक्षण के उपायों को समझाना है। इसी श्रृंखला में डॉ नसरीन अंजुम खान सहायक प्राध्यापक द्वारा ओजोन दिवस पर व्याख्यान दिया गया, जिसमें बताया गया कि ओजोन परत सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को अवशोषित करके पृथ्वी पर जीवन को सुरक्षित बनाती है। यदि ओजोन परत कमजोर हो जाए तो पराबैंगनी विकिरणें पृथ्वी तक पहुंचेंगी, जिससे त्वचा, कैंसर, आंख तथा पर्यावरण असंतुलन जैसे गंभीर प्रभाव हो सकते हैं। व्याख्यान में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल और किगाली समझौते पर चर्चा की गई। डॉ. शिवानी सोनी द्वारा ओजोन दिवस पर प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया।इसमें प्रथम स्थान वैशाली भोरिया (बी. एस. सी. तृतीय वर्ष ) द्वितीय स्थान (कुंती विश्वकर्मा, बी. एस. सी. प्रथम वर्ष), तृतीय स्थान (आरती वाडीवार, बी. एस.सी. द्वितीय वर्ष) ने प्राप्त किया।

# एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन

## हिंदी भाषा के क्षेत्र में रोजगार के अवसर विषय पर व्याख्यान

**नवभारत न्यूज**
**बिछुआ, 16 सितंबर, वीर अमर शहीद स्वर्गीय कबीरदास उइके महाविद्यालय बिछुआ में हिंदी भाषा के क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन हुआ।**



कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर पी यादव के मार्गदर्शन एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ संयोजक डॉ.फरहत मंसूरी के निर्देशन में हुआ आयोजन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.शशि उईके द्वारा बताया गया की भाषा के क्षेत्र में रोजगार के कई प्रकार के अवसर हैं जैसे शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल शिक्षक कॉलेज विश्वविद्यालय में अध्यापन ऑनलाइन हिंदी शिक्षक के रूप में तथा अनुवाद के क्षेत्र में हिंदी अंग्रेजी तथा अन्य भारतीय विदेशी भाषाओं में अनुवाद करना साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में समाचार पत्र लेखन टीवी रेडियो और डिजिटल न्यूज़ पोर्टल पर कार्य करना करियर के लिए अच्छ विकल्प हैं सरकारी क्षेत्र में राजभाषा अधिकारी,हिंदी अधिकारी, अनुवादक,हिंदी सहायक के रूप में कार्य कर सकते हैं इसके अलावा प्रशासन,फिल्म तथा ए आई और तकनीकी भाषा व पर्यटन एवं ग्राहक सेवा जिसमें हिंदी गाइड, हिंदी सपोर्ट और बहुभाषी ग्राहक सेवा में भी करियर बना सकते हैं इसके पश्चात डॉ.शिवानी सोनी ने कहा कि हिंदी भाषा के क्षेत्र में आजकल शिक्षण, मीडिया, अनुवादक और तकनीकी कंटेंट के माध्यम से रोजगार के बहुत से बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं।

# कुकिंग प्रशिक्षण बना स्वरोजगार की सीढ़ी, केक-कॉफी से साउथ इंडियन व्यंजनों तक सीखा हुनर

**नवभारत न्यूज**
**दमुआ, 16 सितंबर, शासकीय महाविद्यालय दमुआ में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित बेकिंग-कुकिंग एवं माइक्रोवेव उद्यमिता प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को विभिन्न व्यंजन तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने केक, कॉफी एवं साउथ इंडियन व्यंजन तैयार करने की विधि सीखी।**

प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को खाद्य सामग्री के उचित उपयोग, स्वच्छता, आधुनिक कुकिंग उपकरणों के संचालन तथा व्यंजनों की आकर्षक प्रस्तुति की जानकारी दी गई। साथ ही कुकिंग कौशल के माध्यम से स्वरोजगार एवं उद्यमिता के अवसरों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यावहारिक कौशल विकसित कर उन्हें रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सक्षम बनाना है। कार्यक्रम का संयोजन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. नीरज कुमार सल्लाम एवं सह-समन्वयक श्रीमती सुषमा टांडेकर द्वारा किया गया।

# पर्यूषण पर्व का शुभारंभ, उत्तम क्षमा धर्म की हुई आराधना

## दस दिनों तक जैन समाज करेगा दसधर्म की आराधना, मंदिर में हुए विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज**
**अमरवाड़ा, 16 सितंबर, जैन धर्म के महान पर्व पर्यूषण पर्व का शुभारंभ बुधवार को अमरवाड़ा स्थित जैन मंदिर में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ हुआ। दस दिनों तक चलने वाले इस पर्व के दौरान अमरवाड़ा जैन समाज द्वारा दसधर्म की आराधना की जाएगी। दस लक्षण धर्म के प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म की आराधना की गई।**

पर्व के प्रथम दिन सुबह से ही जैन मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंत्र जाप, देवांगली पूजा सहित अनेक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। मंदिर के शिखर पर विधि-विधान के साथ ध्वजारोहण भी किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मचारिणी अर्चना दीदी के मंगल प्रवचनों का लाभ समाजबंधुओं ने प्राप्त किया। समाज की परंपरा के अनुसार चौधरी परिवार एवं समाजबंधुओं द्वारा सद्गुरु तारण स्वामी द्वारा रचित श्रीमाला रोहण जी, श्री पंडित पूजा जी एवं श्री कमल बत्तीसी जी ग्रंथों का स्थापना कार्यक्रम विधिवत संपन्न कराया गया। इसके पश्चात संगीतमय मंदिर विधि, आरती एवं प्रसाद वितरण हुआ। दोपहर में महिलाओं द्वारा श्री भक्तामर जी के पाठ का पठन-पाठन किया गया। वहीं रात्रि में मंदिर विधि एवं प्रवचन के उपरांत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पर्यूषण पर्व के प्रथम दिन जैन मंदिर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति और धार्मिक वातावरण देखने को मिला। समाजबंधुओं ने उत्तम क्षमा धर्म की आराधना करते हुए आपसी क्षमाभाव, संयम और आत्मशुद्धि का संदेश आत्मसात किया।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार छिन्दवाड़ा नगर**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/1200/अ-6/2026-2027
मौजा:- लोनियाकरबल प0ह0न0 12

आवेदक / आवेदिका अंकित कपाले पिता बलवंत राव कपाले निवासी लोनियाकरबल तहसील व जिला छिन्दवाड़ा द्वारा मौजा लोनियाकरबल प0ह0न0 12 बन्दोवस्त नम्बर 526 रा0नि0म0छिन्दवाड़ा नगर वृत्त-01 तहसील व जिला छिन्दवाड़ा स्थित भूमि खसरा नम्बर 480 रकबा 0.571 हे0 मेसे रकबा 0.505 हे0 भूमि के खातेदार / सहखातेदार पारवती बाई पति पंढरी की मृत्यु दिनांक 22/4/2026 को होने से रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 31/12/2025 के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा उक्त सम्पत्ति पर हित रखने अथवा दावा रखने वाले सभी व्यक्तियों को इस इस्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त आवेदन पर उन्हे कोई आपत्ति हो या दावा हो तो स्वय या किसी अधिकृत अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता के उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत इस न्यायालय में पेश दिनांक 21/09/2026 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत् तिथि तथा स्थान पर उपस्थित नही हो पाने की अथवा दावा आपत्ति प्रस्तुत नही कर पाने दशा में अथवा पश्चात में प्राप्त होने वाले किसी भी दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर मय न्यायालय की पदमुद्रा के जारी किया गया।

पदमुद्रा
पेशी दिनांक

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**छिंदवाड़ा नगर**


# क्षमा धर्म से प्रारंभ हुआ दशलक्षण महापर्व पर्यूषण

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 16 सितंबर, सकल दिगंबर जैन समाज ने आज भादों सुदी पंचमी से भादों सुदी चतुर्दशी तक चलने वाले के आत्म शुद्धि एवं धर्माराधना के अनादि निधन शाश्वत महापर्व दशलक्षण पर्यूषण का मंगलमय शुभारंभ उत्तम क्षमा धर्म की मंगल आराधना से किया।**

इस अवसर पर नगर के समस्त दिगंबर जिनालयों सहित चैत्यालयों में प्रातः काल की मंगल बेला पर बड़ी संख्या में श्रावकगणों ने सामूहिक पूजन से पर्वराज का शुभारंभ किया। जिसमें मंगलगान करते हुए देव - शास्त्र - गुरु भगवन्तों सहित पंचमेरू पूजन, सोलहकरण पूजन, दशलक्षण पूजन कर उत्तम क्षमा धर्म की आराधना की ओर जिनशासन की मंगल प्रभावना के साथ विश्व शांति की मंगल कामना की ओर त्यागी व्रती साधकों सहित अतिथि विद्वानों के श्रीमुख से क्षमा धर्म का स्वरूप जाना ओर उसे जीवन में अपनाकर भक्त से भगवान बनने की कला सीखी। जिनशासन सेवक दीपक राज जैन ने बताया कि आज पर्वराज के द्वितीय दिवस भादों सुदी छटमीं गुरुवार के शुभ दिन धर्म के द्वितीय लक्षण उत्तम मार्दव धर्म की आराधना करते हुए विविध अनुष्ठानों में हिस्सा लेकर उसका स्वरूप जानेगा।

# जमानिया में केंद्रीय भंडार निगम के पास हाईवे पर ट्रकों का जामावाड़ा, यातायात बाधित होता

**नवभारत न्यूज**
**सिंगोड़ी, 16 सितंबर, सिंगोड़ी क्षेत्र के समीप ग्राम जमानिया स्थित केंद्रीय भंडार निगम के पास नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह करीब 11 बजे अचानक भारी वाहनों की लंबी कतार लग गई।**



देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर ट्रकों की लाइन लग गई, जिससे हाईवे पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। छोटे वाहन, बाइक सवार और यात्री बसों को निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, केंद्रीय भंडार निगम परिसर में माल लोडिंग और अनलोडिंग का कार्य शुरू होते ही बड़ी संख्या में ट्रक पहुंच जाते हैं, लेकिन इनके लिए उचित पार्किंग या व्यवस्थापन नहीं होने के कारण ये वाहन सीधे हाईवे पर ही खड़े हो जाते हैं। ट्रकों की अव्यवस्थित पार्किंग के चलते सड़क की चौड़ाई काफी कम हो जाती है, जिससे आम यातायात प्रभावित होता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। जब भी भंडारण केंद्र में अनाज या अन्य सामग्री का आवागमन होता है, तब इसी तरह ट्रकों की लंबी कतारें लग जाती हैं। कई बार तो स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं को भी रास्ता नहीं मिल पाता, जिससे लोगों की जान पर भी खतरा मंडराने लगता है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि केंद्रीय भंडार निगम परिसर के अंदर ही ट्रकों की समुचित पार्किंग और लोडिंग-अनलोडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा (म.प्र.) 450001**

क्रमांक-1336/जन.वि./ई-टेण्डरिंग/2026 | **(जनकार्य एवं उद्यान विभाग)** | खण्डवा, दिनांक-15/09/2026

**-:: निविदा विज्ञप्ति ::-**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है, उल्लेखित कार्य की निविदा का विस्तृत वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं | ऑन लाईन पोर्टल | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD_ 536253-1 | झीलोध्यान में कृत्रिम कुंड के वर्टीकल एक्सपेंशन निर्माण का कार्य। | 25.40 Lacs | 25,400/- | 5,000/- | 30 दिन |

निविदा ऑनलाइन कय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक :- 29/09/2026 (शाम 5.30 बजे तक)
निविदा खोलने की दिनांक :- 01/10/2026 (प्रातः 10.30 बजे)

निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह वेबसाइट पर देखा जा सकता हैं।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम, खण्डवा**


आस्था | 200 साल पुराना सिद्धेश्वर गणेश मंदिर बना आस्था का केंद्र, दूर-दूर से पहुंचते हैं श्रद्धालु

# भगवान गणेश के रूप में स्वयंभू विराजित, जहां पूरी होती है मनोकामना



**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 16 सितंबर, सारंगबिहरी से करीब 5 किलोमीटर दूर अड़वार और तुर्कीखापा के बीच उमरानाला नदी तट पर करीब 200 वर्ष पुराना सिद्धेश्वर गणेश मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।**

बुजुर्गों के अनुसार मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा स्वयंभू रूप में विराजित है। मान्यता है कि सच्चे मन और श्रद्धा से मांगी गई मनोकामना भगवान गणेश पूरी करते हैं। मंदिर में प्रतिदिन पूजा-अर्चना होती है, वहीं हर महीने कई सत्यनारायण कथा, अभिषेक एवं धार्मिक आयोजन होने से यह मंदिर आसपास के क्षेत्र में विशेष पहचान बना चुका है।

### पौराणिक काल से जुड़ी मान्यता

ग्राम के बुजुर्गों के अनुसार पौराणिक काल में यह स्थान प्रमुख तीर्थ स्थल हुआ करता था। यहां प्रतिवर्ष शिवमहापुराण, श्रीमद्भागवत कथा सहित अन्य धार्मिक आयोजन होते थे। आज भी मंदिर में प्रतिदिन पूजा-पाठ चलता रहता है। श्रद्धालुओं की आस्था के चलते यह स्थान सिद्ध स्थल के रूप में पहचान बना चुका है। अड़वार और तुर्कीखापा के मध्य उमरानाला नदी तट पर विराजित भगवान गणेश के दर्शन के लिए आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### पूर्वाभिमुख है भगवान गणेश की प्रतिमा

मंदिर की खास बात यह है कि भगवान गणेश की प्रतिमा का मुख पूर्व दिशा की ओर यानी उगते सूर्य की तरफ है। मंदिर के समीप उमरानाला नदी का प्रवाह उत्तर दिशा की ओर है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पूर्वाभिमुख गणेश प्रतिमा वाले प्राचीन मंदिर का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है।

### भक्तों की मनोकामना पूरी होने की मान्यता

गणेश मंदिर में रोजाना श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। भक्त भगवान गणेश के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना करते हैं। तुर्कीखापा निवासी अशोक पाठे बताते हैं कि उन्होंने पंचायत सचिव पद पर चयन की मनोकामना भगवान गणेश से की थी, जो पूरी हुई। इसी तरह छिंदवाड़ा के समीपस्थ बनगांव के एक परिवार को संतान प्राप्ति नहीं हो रही थी। परिवार ने भगवान गणेश से मनोकामना मांगी, जिसके बाद पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। मनोकामना पूरी होने पर परिवार ने मंदिर में भगवान गणेश को चांदी की आंख दान की। आज भी दूरस्थ गांवों और अन्य शहरों से श्रद्धालु यहां पहुंचकर मनोकामना मांगते हैं तथा मनोकामना पूर्ण होने पर धार्मिक अनुष्ठान कराते हैं। मंदिर में हर महीने चार-पांच या इससे अधिक सत्यनारायण कथा एवं पूजन होते हैं।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीथमपुर जिला धार (म.प्र.)**
Email-cmopithampur@mpurban.gov.in

क्रमांक/6223/न.पा./26 | **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** | पीथमपुर, दिनांक :- 07/09/2026

नगर पालिका परिषद् पीथमपुर जिला धार द्वारा निम्नलिखित कार्य की निविदा विज्ञप्ति सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल (www.mptenders.gov.in) पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | ऑनलाईन टेंडर नं. | सामग्री का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _534154 | वाहन सामग्री (वित्तीय वर्ष 2026-27) हेतु (निविदा में उल्लेखित स्पेसीफिकेशन अनुसार) | 12 माह 50.00 लाख | 5000/- 37500/- | 09.10.2026 |
| 2 | 2026_UAD _534155 | हेण्डपम्प सामग्री (वित्तीय वर्ष 2026-27) हेतु (निविदा में उल्लेखित स्पेसीफिकेशन अनुसार) | 12 माह 30.00 लाख | 5000/- 22500/- | 09.10.2026 |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पीथमपुर जिला धार**

**(श्रीमती सेवन्ती सुरेश पटेल) अध्यक्ष**
**नगर पालिका पीथमपुर जिला धार**